रेलगाड़ियों के लिए टिकटों का आरक्षण

1396. **डा. बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंबई और दिल्ली से चलने वाली रेलगाड़ियों के लिए आरक्षण एक महीने पहले ही बंद हो जाता है किन्तु जो व्यक्ति काला बाजार से टिकट खरीदते हैं उन्हें, उनके नाम पर पुष्ट टिकट मिल जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कार्यवाही करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) आरक्षण कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों और गाड़ियों में नियमित तथा अचानक जांच की जाती है और गाड़ियों में स्थान आरक्षण के अधिकार में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों को पकड़ा जाता है और उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। जहां कहीं रेल कर्मचारियों की मिली-भगत प्रकाश में आती है, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाती है।

गुजरात में रेल परियोजना

1397. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की ऐसी कौन-कौन सी रेल परियोजनाएं हैं, जिन्हें सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया था किन्तु जो अभी तक पूरी नहीं हुई है ;

(ख) ऐसी प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) इन परियोजनाओं के पूरा होने की तारीखें कौन-कौन सी है और उनकी अनुमानित लागत कितना-कितनी है ; और

(घ) किन-किन परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान शुरू किए जाने की संभावना है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गोधरा-दाहोद-इन्दौर और देवास-मक्सी (316 कि. मी., 81 कि.मी. गुजरात में)।

(ख) देवास-मक्सी खंड पर कार्य प्रगति पर है और प्रगति 19.5% है।

(ग) (i) कार्य का पूरा होना आगामी वर्षों में साधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

(ii) अनुमानित लागत 297.14 करोड़ रुपये है।

(घ) आमान परिवर्तन के लिए कार्य योजना के चरण–I में गुजरात में निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल की गयी हैं :

परियोजना का नाम	अनुमानित लागत
1. मारवाड़-मेहसाना (282 कि.मी., 117 कि.मी. गुजरात में)	आमान परिवर्तन कार्य की लागत 1991–992 की कीमतों पर लगभग 50 से 60 लाख रुपये प्रति किलो मीटर है।
2. मेहसाना-अहमदाबाद (68 कि.मी.)	
3. राजकोट-वेरावल (185 कि.मी.)	
4. समदड़ी-भिलडी (223 कि.मी., 103 कि.मी. गुजरात में)	
5. भिलडी-वीरमगांव (145 कि.मी.)	

गुजरात मे रेलवे पुल

1393. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कितने रेलवे पुल हैं;

(ख) कितने रेलवे पुलों की मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है ;

(ग) 1990–91 के दौरान गुजरात में पुलों की मरम्मत पर कितनी राशि खर्च की गई थी ; और

(घ) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किन-किन पुलों की मरम्मत किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 6641 ।

(ख) इनमें से 19 पुलों की भारी मरम्मत की जानी अपेक्षित है।

(ग) खर्च का लेखा राज्यवार नहीं रखा जाता है।

(घ) निम्नलिखित 17 पुलों पर भारी मरम्मत कार्य चल रहे हैं :–

पुल सं.	खण्ड जहां स्थित है
287 और 319	बम्बई–सूरत
560, 573, 574 और 575	सूरत–बडोदरा
639, 641 644, 663 और 668	बडोदरा–अहमदाबाद
13	बडोदरा–गोधरा
37	वीरमगांव–खारागोड़ा
952	मेहसाना–अहमदाबाद
42	कलोल–कांटोसन रोड
39 और 46	साबरमती–बोटाद